

प्रेरणास्त्रोतः स्व. डॉ. एलसी वालिया

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# लोक प्रेरणा

लोहारू से प्रकाशित

RNI No.HARHIN/2022/90426 | वर्ष : 03, अंक: 363 पृष्ठ: 08, मूल्य: रू. 2.00 | रविवार, 08 जून 2025 | lokparerna@gmail.com | +91-9255149495


## प्रधानमंत्री ने रक्षा मंत्री के आलेख को सोशल मीडिया पर किया साझा

**नई दिल्ली/लोक प्रेरणा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के एक लेख को साझा किया, जिसमें सीमापार आतंकवाद के प्रति भारत की जीरो टॉलरेंस की नीति की पुष्टि की गई है। मोदी ने कहा कि रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा है कि भारत पर किसी भी हमले का कड़ा जवाब दिया जाएगा और आतंकवादियों और उनके अपराधियों के बीच कोई अंतर नहीं किया जाएगा। रक्षा मंत्री के एक्स पोस्ट पर साझा किए गए लेख पर प्रतिक्रिया देते हुए मोदी ने एक्स पर लिखा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीमा पार आतंकवाद के प्रति भारत की जीरो टॉलरेंस की पुष्टि की है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत पर किसी भी हमले का कड़ा जवाब दिया जाएगा और आतंकवादियों और उनके अपराधियों के बीच कोई अंतर नहीं किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि एक अंग्रेजी दैनिक में प्रकाशित लेख में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आतंकवाद को मानवता के लिए अभिशाप बताया है। उन्होंने कहा कि यह क्रांति, शहादत और हिंसा के रोमांटिक दृष्टिकोण की भ्रामक धारणाओं पर पनपता है। उन्होंने कहा कि सच्ची स्वतंत्रता कभी भी भय और रक्तपात पर आधारित नहीं हो सकती। सिंह ने कहा कि भारत सरकार पाक प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस और निश्चित जवाबी कार्रवाई की नीति पर चल रही है। उन्होंने वैश्विक समुदाय से आतंकवाद से लड़ने के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। रक्षा मंत्री ने आतंकवाद से लड़ने के लिए पांच तरीके सुझाए और कहा कि सभी शांतिप्रिय देशों को इस खतरे को हमेशा के लिए मिटाने के लिए एक साथ आने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एक मजबूत और दृढ़ देश है और इस खतरे के खिलाफ लड़ने के लिए तैयार है।

# बीजेपी ने महाराष्ट्र में चोरी से चुनाव जीताः राहुल गांधी

## चुनाव आयोग बोला- ये कानून ही नहीं, लाखों चुनावकर्मियों का अपमान

**नई दिल्ली/लोक प्रेरणा**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नवंबर 2024 में हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों को लेकर भाजपा पर सीधा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में 'मैच फिक्सिंग' की गई थी, जिसमें पहले से भाजपा की जीत तय करने की पूरी कोशिश की गई। राहुल गांधी ने शनिवार को अखबार में लिखे एक लेख में कहा, 'भाजपा और उसके सहयोगियों ने चुनाव जीतने के लिए 5 स्टेप की प्लानिंग की थी।' उन्होंने ये भी कहा कि महाराष्ट्र की तरह ही मैच फिक्सिंग अगली बार बिहार में होगी, फिर किसी भी राज्य में जहां भाजपा हारती दिख रही हो।' इलेक्शन कमीशन ने राहुल के दावों को निराधार करार दिया। आयोग ने कहा, 'चुनाव के फैसले पक्ष में नहीं आने के बाद ऐसे आरोप लगाना बेतुके हैं। 24 दिसंबर 2024 को ही कांग्रेस को भेजे अपने जवाब में ये सभी तथ्य सामने रखे थे, जो चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। ऐसा लगता है कि बार-बार ऐसे मुद्दे उठाते हुए इन सभी तथ्यों को पूरी तरह से नजरअंदाज किया जा रहा है।'



**राहुल बोले- चुनाव में मैच फिक्सिंग लोकतंत्र के लिए जहर**

'यह समझना मुश्किल नहीं है कि महाराष्ट्र में भाजपा इतनी बौखलाहट में क्यों थी, लेकिन हेराफेरी करना मैच फिक्सिंग जैसा है। जो टीम धोखा देती है वो भले ही जीत जाए, लेकिन इससे संस्थाएं कमजोर होती हैं। जनता का चुनाव पर भरोसा खत्म हो जाता है। हर जिम्मेदार भारतीय को इन सबूतों को देखना चाहिए और सवाल पूछने चाहिए। चुनाव में मैच फिक्सिंग किसी भी लोकतंत्र के लिए जहर है।'मैं किसी छोटे-मोटे चुनावी गड़बड़ी की बात नहीं कर रहा, बल्कि ऐसे धांधलेबाजी की बात कर रहा हूं जो बड़े स्तर पर की गई और जिसमें देश की अहम संस्थाओं को कब्जे में लेने की कोशिश की गई।'

'चुनाव आयुक्त नियुक्ति कानून के जरिए चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करने वाली कमेटी में उखक की जगह एक केंद्रीय मंत्री को बैठाया गया। इससे निष्पक्षता खत्म हो गई और पूरा कंट्रोल सरकार के हाथ में चला गया।

मुख्य न्यायाधीश को हटाकर कैबिनेट मंत्री को लाना ठीक नहीं लगता। सोचिए, कोई किसी निष्पक्ष व्यक्ति को हटाकर अपने आदमी को क्यों लाना चाहेगा? इसका जवाब अपने आप मिल जाता है।'

कोई जब इस तरह की गलत सूचना फैलाता है तो इससे उन हजारों प्रतिनिधियों की बदनामी होती है, जिन्हें राजनीतिक पार्टियां चुनाव के दौरान तैनात करती है। उन लाखों चुनाव कर्मचारियों का उत्साह कम होता है, जो दिन रात बिना थके इलेक्शन ड्यूटी करते हैं।

पूरा देश जानता है कि मतदाता सूची तैयार करने, मतदान और मतगणना सहित प्रत्येक चुनाव की पूरी प्रक्रिया सरकारी कर्मचारी करते हैं। वह भी मतदान केंद्र से लेकर निर्वाचन क्षेत्र तक राजनीतिक दलों/उम्मीदवारों की तरफ से नियुक्त प्रतिनिधियों की मौजूदगी में। फिर चुनाव के फैसले पक्ष में नहीं आने के बाद, यह कहकर चुनाव आयोग को बदनाम करने की कोशिश करना पूरी तरह से बेतुका है।

## निराधार आरोप कानून के शासन का अपमानः निर्वाचन आयोग



**नई दिल्ली/लोक प्रेरणा**

महाराष्ट्र चुनाव को लेकर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आरोपों के बाद चुनाव आयोग ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। निर्वाचन आयोग ने राहुल के दावों को निराधार करार दिया और इसे कानून के शासन का अपमान बताया। उन्होंने कहा, 'महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव और मतदाता सूची को लेकर लगाए गए निराधार आरोप कानून के शासन का अपमान हैं। चुनाव आयोग ने 24 दिसंबर 2024 को ही कांग्रेस को भेजे अपने जवाब में ये सभी तथ्य सामने रखे थे, जो चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। ऐसा लगता है कि बार-बार ऐसे मुद्दे उठाते हुए इन सभी तथ्यों को पूरी तरह से नजरअंदाज किया जा रहा है।' चुनाव आयोग ने कहा कि किसी की ओर से फैलाई जा रही कोई भी गलत सूचना न केवल कानून के प्रति अनादर का संकेत है, बल्कि अपने ही राजनीतिक दल की ओर से नियुक्त हजारों प्रतिनिधियों की छवि भी धूमिल करती है। यह लाखों चुनाव कर्मचारियों का मनोबल गिराती है, जो चुनाव के दौरान अथक और पारदर्शी तरीके से काम करते हैं। मतदाताओं की ओर से किसी भी प्रतिकूल फैसले के बाद यह कहकर चुनाव आयोग को बदनाम करने की कोशिश करना पूरी तरह से बेतुका है।

**तथ्यों के आधार पर चुनाव आयोग के जवाब**

1. महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के दौरान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान केंद्र पर पहुंचे 6,40,87,588 मतदाताओं ने मतदान किया। औसतन प्रति घंटे लगभग 58 लाख वोट डाले गए। इन औसत रुझानों के अनुसार, लगभग 116 लाख मतदाताओं ने अंतिम दो घंटों में मतदान किया होगा। इसलिए दो घंटों में मतदाताओं की ओर से 65 लाख वोट डालना औसत प्रति घंटे मतदान रुझानों से बहुत कम है।

## इंदौर दंपती केसः सीएम मोहन यादव ने गृहमंत्री से सीबीआई जांच की मांग की

**भोपाल/लोक प्रेरणा**

शिलांग में लापता इंदौर की बेटी सोनम रघुवंशी के मामले में मध्यप्रदेश सरकार गंभीरता से सक्रिय हो गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस संबंध में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से बातचीत की है और इस मामले में उइक जांच के आदेश देने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर जानकारी साझा करते हुए कहा कि संकट की इस घड़ी में मध्यप्रदेश, सोनम रघुवंशी के परिवार के साथ खड़ा है। मैंने इस संबंध में मेघालय के मुख्यमंत्री से भी चर्चा की है। साथ ही, मध्यप्रदेश के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मेघालय



प्रशासन के साथ निरंतर संपर्क में हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सोनम की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस संवेदनशील प्रकरण की गहराई से जांच और पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से सीबीआई जांच का आग्रह किया है। इससे पहले रघुवंशी समाज और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी इस मामले को राष्ट्रीय स्तर पर उठाकर उइक जांच की मांग कर चुके हैं।

## कांग्रेस का आरोप- पाकिस्तान को अलग-थलग करने में विफल रही सरकार

**नई दिल्ली/लोक प्रेरणा**

कांग्रेस ने शनिवार को पहलगाम आतंकी हमले को लेकर मोदी सरकार की आलोचना की। पार्टी ने आरोप लगाया कि आतंकी हमले के बाद सरकार वैश्विक मंच पर पाकिस्तान को अलग-थलग करने में विफल रही है। यह भारतीय सैनिकों और नागरिकों के साथ 'आपराधिक विश्वासघात' है। कांग्रेस के मीडिया और प्रचार विभाग प्रमुख पवन खेड़ा ने पहलगाम में हुए क्रूर आतंकी हमले के बाद, हमें उम्मीद थी कि सरकार पाकिस्तान पर कड़ी कार्रवाई करेगी और उसे वैश्विक



मंच पर अलग-थलग करेगी, लेकिन वास्तव में ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि कार्रवाई के बजाय, चीन ने पाकिस्तान को पांचवीं पीढ़ी के जेट और मिसाइलों से लैस कर दिया। साथ ही विश्व बैंक और एडीबी ने भी पड़ोसी देश को अधिक सहायता देकर मजबूत किया। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने पहलगाम हमले के कुछ दिनों बाद ही पाकिस्तान को आतंकवाद विरोधी समिति का उपाध्यक्ष भी नामित कर दिया। उन्होंने कहा, 'चीन पाकिस्तान को पांचवीं पीढ़ी के 40 स्टील्थ जे-35ए लड़ाकू विमानों से लैस कर रहा है, जो अत्याधुनिक पीएल-17 मिसाइलों से लैस हैं। अजरबैजान 40 पाकिस्तानी जेएफ-17 लड़ाकू विमानों की खरीद में 2 बिलियन डॉलर का निवेश कर रहा है।'

पवन खेड़ा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि विश्व बैंक ने पाकिस्तान के विकास के लिए 40 बिलियन डॉलर देने का वादा किया है। आईएमएफ ने 1 बिलियन डॉलर की बेलआउट राशि मंजूर की है।

## खाद्य जनित बीमारियों को कम करने में सुरक्षित और स्वच्छ भोजन की महत्वपूर्ण भूमिकाः जेपी नड्डा



**नई दिल्ली/लोक प्रेरणा**

दुनियाभर में आज विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस मनाया जा रहा है। इस मौके पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने खाद्य जनित बीमारियों को कम करने में सुरक्षित और स्वच्छ भोजन की आवश्यक भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया।

नड्डा ने एक्स पोस्ट में कहा कि भोजन वह ईंधन है जो हमें हर दिन आगे बढ़ने में मदद करता है।

जब हम खाद्य सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करते हैं, तो हम अपने स्वास्थ्य और हर जगह परिवारों की भलाई की रक्षा कर रहे होते हैं। इस वर्ष की थीम, "खाद्य सुरक्षाः विज्ञान की कार्रवाई," इस बात का जश्न मनाती है कि कैसे विज्ञान और प्रौद्योगिकी हर स्तर पर हमारे भोजन की गुणवत्ता और सुरक्षा की रक्षा कर रही है।

उल्लेखनीय है कि खाने से होने वाले किसी भी तरह के खतरे को कम करने और उसे पकड़ने के लिए ही फूड सेफ्टी डे मनाया जाता है। पहली बार विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस 7 जून 2019 को मनाया गया था।

वर्ल्ड फूड सेफ्टी डे को 18 दिसंबर को यूनाइटेड नेशन जनरल एसेंबली ने फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गनाइजेशन और वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन के साथ मिलकर बनाया।

## प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव ने अत्यधिक गर्मी के जोखिम से निपटने के लिए वैश्विक सहयोग का आह्वान किया

**नई दिल्ली/लोक प्रेरणा**

प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पी. के. मिश्रा ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव के आह्वान को दोहराते हुए अत्यधिक गर्मी को वैश्विक संकट के रूप में संबोधित करने की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि बढ़ते तापमान से सार्वजनिक स्वास्थ्य, आर्थिक स्थिरता और पारिस्थितिकी तंत्र के लिए प्रणालीगत जोखिम पैदा हो रहा है। डॉ. मिश्रा ने शुक्रवार को जिनेवा



में अत्यधिक गर्मी जोखिम प्रबंधन पर विशेष सत्र के दौरान मुख्य भाषण देते हुए कहा कि हीट वेव्स सीमापार और प्रणालीगत जोखिम हैं, खासकर घनी आबादी वाले शहरी क्षेत्रों के लिए। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से तकनीकी सहयोग, डेटा साझाकरण और गर्मी सहनशीलता पर संयुक्त अनुसंधान बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भारत ने अत्यधिक गर्मी के जोखिम प्रबंधन के लिए एक सक्रिय और दूरदर्शी दृष्टिकोण अपनाया है। उन्होंने बताया कि भारत आपदा प्रतिक्रिया से आगे बढ़कर एकीकृत तैयारी और शमन रणनीतियों की ओर बढ़ गया है।

## भाजपा ने असम से राज्यसभा के लिए कणाद पुरकायस्थ को बनाया उम्मीदवार

**नई दिल्ली/लोक प्रेरणा**

भारतीय जनता पार्टी ने असम से राज्यसभा चुनाव के लिए कणाद पुरकायस्थ को उम्मीदवार बनाया है। पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने शनिवार को यह फैसला किया। असम से राज्यसभा की दो सीटों के लिए चुनाव कराए जा रहे हैं। राज्य में सत्तारूढ़ भाजपा ने एक सीट अपनी सहयोगी असम गण परिषद (एजीपी) को आवंटित की है। राज्यसभा की इन दो सीटों के लिए चुनाव 19 जून को होंगे, जिसके परिणाम उसी दिन घोषित किए जाएंगे। चुनाव की अधिसूचना 02 जून को जारी होने के साथ ही नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई, जो 09 जून तक चलेगी। भाजपा के मिशन रंजन दास और एजीपी के बीरेंद्र प्रसाद बैश्य के कार्यकाल पूरा होने के कारण इन दो सीटों पर चुनाव कराए जा रहे हैं। असम में राज्यसभा की सात सीटें हैं, जिनमें से छह पर भाजपा-नीत राजग का कब्जा है, जबकि एक सीट निर्दलीय के पास है।

## प्रधानमंत्री ने रक्षा मंत्री के आलेख को सोशल मीडिया पर किया साझा

**नई दिल्ली/लोक प्रेरणा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के एक लेख को साझा किया, जिसमें सीमापार आतंकवाद के प्रति भारत की जीरो टॉलरेंस की नीति की पुष्टि की गई है। मोदी ने कहा कि रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा है कि भारत पर किसी भी हमले का कड़ा जवाब दिया जाएगा और आतंकवादियों और उनके अपराधियों के बीच कोई अंतर नहीं किया जाएगा। रक्षा मंत्री के एक्स पोस्ट पर साझा किए गए लेख पर प्रतिक्रिया देते हुए मोदी ने एक्स पर लिखा, ह्लरक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीमा पार आतंकवाद के प्रति भारत की जीरो टॉलरेंस की पुष्टि की है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत पर किसी भी हमले का कड़ा जवाब दिया जाएगा और आतंकवादियों और उनके अपराधियों के बीच कोई अंतर नहीं किया जाएगा।



उल्लेखनीय है कि एक अंग्रेजी दैनिक में प्रकाशित लेख में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आतंकवाद को मानवता के लिए अभिशाप बताया है। उन्होंने कहा कि यह क्रांति, शहादत और हिंसा के रोमांटिक दृष्टिकोण की भ्रामक धारणाओं पर पनपता है। उन्होंने कहा कि सच्ची स्वतंत्रता कभी भी भय और रक्तपात पर आधारित नहीं हो सकती। सिंह ने कहा कि भारत सरकार पाक प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस और निश्चित जवाबी कार्रवाई की नीति पर चल रही है। उन्होंने वैश्विक समुदाय से आतंकवाद से लड़ने के लिए एकजुट होने का आह्वान किया।

रक्षा मंत्री ने आतंकवाद से लड़ने के लिए पांच तरीके सुझाए और कहा कि सभी शांतिप्रिय देशों को इस खतरे को हमेशा के लिए मिटाने के लिए एक साथ आने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एक मजबूत और दृढ़ देश है और इस खतरे के खिलाफ लड़ने के लिए तैयार है।

## किसानों को अब फसली कर्जे पर ब्याज नहीं देना होगा, बैंक ने दी किसानों को राहतः गोठड़ा

### पहले वसूला गया ब्याज भी लौटाने के आदेश, 4 प्रतिशत से बढ़ाकर 7 प्रतिशत किया गया था

**लोक प्रेरणा**
**लोहारू।** दी लोहारू बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति के चेयरमैन पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी एवं अधिवक्ता करण सिंह गोठड़ा ने कहां की बैंक ने किसानों को एक बड़ा तोहफा दिया है तथा सरकार ने नए आदेश जारी कर कहा है कि किसी भी एमपीएक्स सदस्य (सहकारी समिति से ऋण लेने वाले किसान) से ब्याज नहीं लिया जाएगा। अगर किसी का ब्याज लिया गया है तो उसे तुरंत बहाल किया जाए। किसान से केवल मूल राशि ही



वसूली जाएगी, वह भी बिना ब्याज के। लोहारू बैंक के चेयरमैन करण सिंह गोठड़ा ने कहा कि सरकार द्वारा नया आदेश जारी किए जाने तक बिना ब्याज के वसूली की जाएगी यानि फिलहाल फसल ऋण पूरी तरह से ब्याज मुक्त होगा।

**किसानों को क्यों दिया जाता है ऋणः**
बैंक द्वारा फसल उगाने से पहले किसानों को बीज, खाद, कीटनाशक, ट्रैक्टर का किराया और सिंचाई के साथ-साथ कई अन्य खर्च उठाने होते हैं। सरकार इन खर्चों को पूरा करने के लिए "फसल ऋण" देती है। इस ऋण की वापसी अवधि बहुत कम है। किसान फसल कटने के बाद इसे चुकाते हैं। इसका उद्देश्य किसानों को ब्याज के बोझ से मुक्त करना है और खेती में उनका सहयोग करना है।

**किसानों को क्या मिलेगा फायदाः**
इस निर्णय से किसानों का आर्थिक तनाव कम होगा क्योंकि उत्साहहीन किसान बस वही राशि चुकाता है जो उसने हड़पी थी। इससे खेती में आत्मविश्वास बढ़ने से आम लोगों में आत्मविश्वास बढ़ेगा वहीं ब्याज मुक्त ऋण मिलने से किसान अगली फसल की तैयारी में आत्मनिर्भर बन जाएगा जिससे किसान को मानसिक राहत भी मिलेगी।

## दिनकर बोहरा का निधन समाज के लिए अपूर्णनीय क्षति : कंवर सिंह यादव



**लोक प्रेरणा**
**महेंद्रगढ़।** श्री रामलीला परिषद के प्रधान स्व. दिनकर बोहरा की रस्म पगड़ी एवं श्रद्धांजलि सभा उनके आवास पर आयोजित की गई। इलाके के सैकड़ों गणमान्यजनों ने उनकी श्रद्धांजलि सभा में पहुंचकर उनको अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। विधायक कंवर सिंह यादव ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि दिनकर बोहरा का निधन समाज के लिए अपूर्णनीय क्षति है। उनके साथ राजनीतिक जीवन के काम करते हुए उनको बहुत नजदीक से देखा था। वे बहुत कर्तव्यनिष्ठ और ईमानदारी से समाज में अपनी भूमिका निभाते थे। पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा ने स्व. दिनकर बोहरा को याद करते हुए कहा कि दिनकर बोहरा का पूरा जीवन समाज को समर्पित रहा। उन्होंने पूरा जीवन समाज में संघर्ष करते हुए अपनी एक अलग पहचान बनाई थी। श्री गौड़ सभा के प्रधान राकेश मेहता, ब्राह्मण सभा के प्रधान दिनेश वैध, व्यापारी नेता नरेश गोयल, भाजपा के जिला महामंत्री अमित मिश्रा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुधीर दीवान, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी मुकेश लावनिया, कला परिषद के पूर्व निदेशक अनिल कौशिक, एबीवीपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद शास्त्री सहित अनेक लोगों ने उनको शब्दों के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर चेतनप्रकाश गौड़, सीबी दीक्षित, सुशील बिढ़ाट, मधुकर वशिष्ठ, हितेन्द्र बोहरा, आशु बोहरा, करुणाकर बोहरा, रामचन्द्र जांगड़ा, राजेन्द्र पोपली, नरेश जोशी, सूर्यप्रकाश कौशिक, अरुण कौशिक, रमेश बोहरा, श्रीमोहन वशिष्ठ, अतुल दीवान, सुनील यादव, प्रवीण दीवान, मामन गोस्वामी, विनोद पेट्रोल पम्प, मुकेश मेहता, राजेश बोहरा सहित सैंकड़ों गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## परीक्षा रद्द करवाने की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

**एकजोत**
**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा 18 मई 2025 को आयोजित असिस्टेंट प्रोफेसर (इतिहास) की परीक्षा में गम्भीर अनियमितताओं के विरोध में प्रदेशभर से पहुंचे सैकड़ों अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री आवास पर शांतिपूर्वक प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि इस परीक्षा में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा से 25 प्रश्न और उत्तराखंड की राज्य पात्रता परीक्षा से 10 से अधिक प्रश्न हूबहू कॉपी किए गए। इसके अतिरिक्त कई प्रश्नों में सभी विकल्प गलत थे, हिंदी और अंग्रेजी विकल्पों में भिन्नता पाई गई, और कई परीक्षा केंद्रों पर प्रश्नपत्रों की सील पहले से टूटी हुई मिली। अभ्यर्थियों ने यह भी बताया कि आयोग द्वारा जारी उत्तर कुंजी में भी अनेक त्रुटियां हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अभ्यर्थियों की पूरी बात गंभीरता से सुनी और आश्वस्त किया कि आप निश्चिंत रहें, यह परीक्षा रद्द की जाएगी और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।ः

## गांव अड्डोनी में हुआ चौथा सालाना मेला, साई गुलाम शाह दरबार में रही भारी भीड़



**एकजोत**
**कुरुक्षेत्र।** साईं गुलाम शाह दरबार के मुख्य सेवादार पंकज साईं ने बताया कि चौथा सालाना मेला हर्षोल्लास के बीच सम्पन्न हुआ। इस दौरान विशाल भंडारा व रात को मेहंदी रस्म की गई। विशाल जागरण में नकोदर दरबार से फकीर देव साईं, साईं गुलाम शाह दरबार गांव अड्डोनी में पहुंचे और महफिल सजाई गई। जिसमें गांव व आस पास के अन्य गांवों के भारी संख्या में लोग शामिल हुए। जागरण में मुख्य अतिथि सुभाष कलसाना व गोताखोर प्रगट सिंह रहे। सभी पूरी रात साईं गुलाम शाह का गुणगान किया।

## भारतीय संस्कारों का पूरी दुनिया कर रही है अनुसरण : देवीलाल बारना



**एकजोत**
**कुरुक्षेत्र।** शहीद सुरेंद्र कुमार पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव बारना मे ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे शनिवार को उमंग समाजसेवी संस्था के अध्यक्ष देवीलाल बारना ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। यहां पहुंचने पर शिक्षक राजबीर सिंह व शशी भूषण शर्मा ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। बच्चों को संबोधित करते हुए देवीलाल बारना ने कहा कि भारतीय संस्कृति पूरी दुनिया मे सबसे महान संस्कृति है। यहां वह कल्चर है जब बच्चा छोटा होता है तो माता पिता उसकी संभाल करते हैं और जब बच्चा बड़ा होता है व माता पिता बुजुर्ग हो जाते हैं तो वह अपने माता पिता की बच्चों की तरह संभाल करता है। इस प्रकार से भारतीय संस्कृति का कोई मुकाबला नही। हमे अपनी संस्कृति का अनुसरण करते हुए जीवन मे अपनाना चाहिए ताकि ऋषि मुनियों के इस देश मे प्यार मुहब्बत बनी रहे। इस दौरान उन्होने बच्चों को स्वतंत्रता सेनानियों के बारे मे भी विस्तार से बताया और कुरुक्षेत्र जिला के स्वतंत्रता सेनानियों के बारे मे जानकारी दी। इस मौके पर शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद रहे।

## पुलिस ने बड़े नकली कीटनाशक रैकेट का भंडाफोड़ किया, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**लोक प्रेरणा**
**सोनीपत।** तेलंगाना पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए राजेंद्र चेचानी को गिरफ्तार किया है - जिसे राजू चेचानी के नाम से भी जाना जाता है, जो बड़े पैमाने पर नकली कीटनाशकों के रैकेट के मुख्य आरोपियों में से एक है। पुलिस ने स्थानीय पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वित अभियान के दौरान 28 मई 2025 को राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के बस्सी गांव स्थित उसके फार्महाउस से उसे गिरफ्तार किया। यह गिरफ्तारी भारत के कृषि क्षेत्र में नकली कीटनाशकों के बढ़ते खतरे को उजागर करती है, जहाँ भोले-भाले किसानों को अक्सर ऐसे उल्लंघनकताओं द्वारा नकली उत्पादों के साथ धोखा दिया जाता है। ये नकली रसायन, हालांकि असली ब्रांड की तरह पैक किए जाते हैं, लेकिन अक्सर उनके हानिकारक या अप्रभावी अवयवों के कारण फसल को नुकसान



पहुंचाते हैं जिसके कारण पैदावार कम होती है। नवीनतम गिरफ्तारी से कई राज्यों में फैली नकली कृषि रसायनों की आपूर्ति श्रृंखला में महत्वपूर्ण रूप से बाधा उत्पन्न होने की उम्मीद है।

चेचानी पर आरोप है कि वह सात साल से भी ज्यादा समय से इस तरह का एक जटिल अवैध व्यापार और अवैध नेटवर्क चला रहा है, जो भारत के 11 से ज्यादा राज्यों में फैले अपने सहयोगियों के जरिए पूरे भारत में नकली कीटनाशकों का निर्माण और वितरण करता है। उसने दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में काम करने वाले सहयोगियों के एक बड़े नेटवर्क के जरिए प्रतिष्ठित एग्रोकेमिकल कंपनियों के लेबल वाले नकली उत्पाद सप्लाई किए। जांच में पता चला कि चेचानी की बस्सी में माहेश्वरी बीज एवं कीटनाशक नाम से एक दुकान भी है। वह कथित तौर पर देश भर में विभिन्न उल्लंघनकताओं को पैकेजिंग सामग्री और तैयार नकली उत्पादों का प्रमुख आपूर्तिकर्ता था। यह गिरफ्तारी कीटनाशक अधिनियम के तहत एलबी नगर पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर संख्या 831/2024 से हुई है। जुलाई 2024 में हैदराबाद में एक उल्लंघनकर्ता ई राजेश के गोदाम से नकली कीटनाशकों की खोज के बाद।

## ट्राइडेंट ने प्लास्टिक प्रदूषण को हराओ थीम के साथ प्रभावशाली गतिविधियों द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस 2025 मनाया

**प्रवीन कुमार**
**चंडीगढ़।** ट्राइडेंट लिमिटेड ने विश्व पर्यावरण दिवस 2025 को वैश्विक थीम "प्लास्टिक प्रदूषण को हराओ" के तहत मनाकर सतत विकास और पर्यावरणीय संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। कंपनी ने बरनाला जिले और अपनी धौला प्लांट परिसर में प्रभावशाली जागरूकता और संरक्षण गतिविधियों की एक श्रृंखला आयोजित की, जिससे सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा मिला और पर्यावरण अनुकूल विकल्पों को अपनाने का संदेश दिया गया।

प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के उद्देश्य से, ट्राइडेंट के



स्वयंसेवकों ने सब्जी मंडी, कचहरी चौक, शहीद भगत सिंह पार्क, कुष्ठ आश्रम और चिंटू पार्क सहित प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर पुनः उपयोग योग्य कपड़े के थैले वितरित किए। इन थैलों के साथ-साथ इन स्थलों पर आयोजित इंटरएक्टिव जागरूकता सत्रों का उद्देश्य लोगों को प्लास्टिक प्रदूषण के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और सतत जीवनशैली को बढ़ावा देना है।

धौला परिसर में एक वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जो ट्राइडेंट की दीर्घकालिक पर्यावरणीय दृष्टि को दशार्ता है। प्लास्टिक-मुक्त कार्य वातावरण को प्रोत्साहित करने के लिए कर्मचारियों को पुनः उपयोग योग्य कांच की बोतलें वितरित की गईं। इसके अतिरिक्त, बरनाला की वरिष्ठ नागरिक समिति में एक प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें समुदाय के वरिष्ठ नागरिकों और आमंत्रित अतिथियों ने पर्यावरण संरक्षण और सतत जीवनशैली के महत्व पर अपने मूल्यवान विचार साझा किए।

## सभी सदस्यों का दुर्घटना बीमा के साथ मेडिक्लेम बीमा भी करवा रहा बीपीकेएम : पवन आश्री



**एकजोत**
**कुरुक्षेत्र।** भारतीय पत्रकार कल्याण मंच के कार्यालय में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक हुई। इस बैठक में भारतीय पत्रकार कल्याण मंच रजि. के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन आश्री ने दावा किया है कि भारतीय पत्रकार कल्याण मंच रजि. ने अपने पत्रकार संगठन से जुड़े समस्त मीडिया पर्सनस के हितों एवं उनके समस्त परिजनों के हितों से जुड़ते हुए जहां 10-10 लाख रुपए की धनराशि का दुर्घटना बीमा करवा दिया है। वहीं ढाई-ढाई लाख रुपए की धनराशि का मेडिक्लेम बीमा भी करवा दिया है। भारतीय पत्रकार कल्याण मंच के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष जसबीर सिंह दुग्गल ने बताया कि भारतीय पत्रकार कल्याण मंच द्वारा भारतीय पत्रकार कल्याण मंच से जुड़े समस्त मीडिया पर्सनस का जो 10-10 लाख रुपए की धनराशि का दुर्घटना बीमा एवं ढाई-ढाई लाख रुपए की धनराशि का मेडिक्लेम बीमा करवाया है वो भारत सरकार की दि ओरिएण्टल इंश्योरेंस कंपनी के माध्यम से करवाया गया है क्योंकि भगवान ना चाहे जब भी भारतीय पत्रकार कल्याण मंच से जुड़े किसी पत्रकार साथी के साथ किसी प्रकार की अनहोनी घटना घटे या फिर वे किसी प्रकार की दुर्घटना का शिकार बने तो ऐसी परिस्थितियों में मीडिया पर्सनस के परिजनों एवम् मीडिया पर्सनस को भारत सरकार की दि ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी से दुर्घटना बीमा लेने या मेडिक्लेम बीमा पाने के लिए किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना ना करना पड़े। मंच. के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष जसबीर सिंह दुग्गल ने जानकारी दी कि भारतीय पत्रकार कल्याण मंच द्वारा मंच से जुड़े अपने समस्त मीडिया पर्सनस के परिचय पत्र भी लगभग बना दिए गए हैं लेकिन जिन मीडिया पर्सनस ने किसी भी कारण से अपने-अपने सदस्यता फार्म आधे-अधूरे भर कर दिए थे ऐसे मीडिया पर्सनस के परिचय पत्र एवं दुर्घटना बीमा व मेडिक्लेम बीमा उन के संबंधित सदस्यता फार्मों में दी गई आधी-अधूरी जानकारी देने के कारण मजबूरन बन नहीं पाये हैं।

## मेंटेनेंस कार्य के चलते 3 घंटे बिजली रहेगी बाधित

**लोक प्रेरणा**
**लोहारू।** रविवार सुबह 7 बजे से 10 बजे तक मेंटेनेंस कार्य के चलते बिजली आपूर्ति पूरी तरह से बाधित रहने वाली है। इस दौरान 9 एपी फीडर बंद रहेंगे।

यह जानकारी देते हुए बिजली निगम के एसडीओ मनोज कुमार ने बताया कि रविवार को 33 केवी गिगनाऊ और 33 केवी दमकोरा पर लाइन मेंटेनेंस के चलते बिजली बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान करीब 25 गांवों की बिजली बाधित रहेगी। तीन घंटे बाद बिजली व्यवस्था सुचारू हो जाएगी।

## धान में स्टेम बोरर्स से निपटने के लिए बेयर ने लॉन्च किया बीकोटा

**लोक प्रेरणा**
**कुरुक्षेत्र।** कृषि एवं स्वास्थ्य से संबंधित लाइफ साइंस के क्षेत्र में अग्रणी वैश्विक कंपनी बेयर ने बीकोटा को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह विशेष रूप से स्टेम बोरर कीट से निपटने में धान के किसानों की मदद के लिए तैयार किया गया प्रोडक्ट है। इन हानिकारक कीटों से सुरक्षा प्रदान करने के लिए बीकोटा में बेयर के एक्सक्लूसिव इनोवेशन को शामिल किया गया है। बीकोटा को जून, 2025 से पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना समेत सभी धान उत्पादक राज्यों में उपलब्ध कराया जाएगा। लॉन्चिंग के मौके पर मोहन बाबू, (क्लस्टर कमर्शियल लीड झ्र भारत, बांग्लादेश और श्रीलंका, क्रॉप साइंस डिवीजन, बेयर) ने कहा, बेयर अपने इनोवेशन के माध्यम से किसानों के जीवन को आसान बनाने के लिए प्रयासरत है। बीकोटा के माध्यम से हम न केवल चाहते हैं कि धान के किसानों की फसल सुरक्षित रहे, बल्कि समय एवं श्रम की लागत भी कम हो और उन्हें उपज व आय बढ़ाने में मदद मिले।




स्टेम बोरर्स से धान की फसल को बहुत नुकसान होता है, जिससे उपज कम होती है। बीकोटा तेजी से काम करते हुए इन कीटों का आहार रोक देता है और स्थायी सुरक्षा प्रदान करता है। एक बार प्रयोग करके किसान बाजार में उपलब्ध अन्य समाधानों की तुलना में लम्बे समय तक तक फसलों की सुरक्षा को लेकर निश्चिंत हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त यह जड़ो एवं पूरे पौधे के विकास में भी सहयोग करता है, जिससे फसल की सेहत ठीक रहती है है। यह ज्यादा उपज सुनिश्चित करने के साथ-साथ बदलते मौसम में स्टेम बोरर्स की चुनौती को दूर करता है।

बीकोटा प्रयोग की दृष्टि से सुरक्षित है और फायदेमंद कीटों के लिए भी सुरक्षित है। यही बात इसे किसानों के लिए पसंदीदा विकल्प बनाती है और इसे इंटीग्रेटेड पेस्ट मैनेजमेंट (आईपीएम) प्रैक्टिस के लिए उपयुक्त बनाती है। अपने ग्रेन्युलर फॉमूर्लेशन के कारण यह प्रयोग में आसान है। इससे किसान आसानी से और तेजी से खेत में इसका छिड़काव कर पाते हैं।

## मलाइका अरोड़ा ने यमुनानगर में किया कल्याण ज्वैलर्स के नए शोरूम का उद्घाटन

**लोक प्रेरणा**
**यमुनानगर।** भारत के सबसे बड़े और भरोसेमंद ज्वैलरी ब्रांडों में से एक, कल्याण ज्वैलर्स ने आज यमुनानगर के प्रोफेसर कॉलोनी में अपने नए और भव्य शोरूम का उद्घाटन किया। इसी के साथ कंपनी के लाइफस्टाइल ज्वैलरी ब्रांड केनडियर का भी इस नए स्थान पर शुभारंभ हुआ। इस दोहरे लॉन्च का उद्घाटन बॉलीवुड अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा ने किया।

इस शौरूम में कल्याण ज्वैलर्स और लाइफस्टाइल ब्रांड केनडियर के विभिन्न संग्रहों से डिजाइनों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश की गई है। इस कार्यक्रम में उत्साही भीड़ उमड़ी, जिसमें बॉलीवुड स्टार की एक झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में प्रशंसक और संरक्षक एकत्र हुए। गर्मजोशी से किए गए स्वागत ने शोरूम के लॉन्च को एक भव्य और जीवंत समारोह बना दिया, जो कार्यक्रम के प्रति ग्राहकों के उत्साह और उनकी उम्मीदों को दशार्ता है। नए शोरूम पर टिप्पणी करते हुए कल्याण ज्वैलर्स के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर रमेश कल्याणरमन ने कहा, यमुनानगर में कल्याण ज्वैलर्स और



हमारे लाइफस्टाइल ब्रांड केनडियर के ब्रांड न्यू शोरूम के लॉन्च के साथ, हमारा लक्ष्य एक ऐसा बेजोड़ इकोसिस्टम बनाना है जो हमारे ग्राहकों की अनूठी आवश्यकताओं को पूरा करे और उनके शॉपिंग अनुभव को और बेहतर बनाए।

मंच से संबोधित करते हुए मलाइका अरोड़ा ने कहा, कल्याण ज्वैलर्स और केनडियर के इस नए शोरूम के उद्घाटन का हिस्सा बनकर मैं बहुत खुश हूं। यह ब्रांड पारदर्शिता, भरोसे और ग्राहक सेवा की जो मिसाल पेश करता है, वह काबिले-तारीफ है। मुझे विश्वास है कि यमुनानगर के ग्राहक इस नए शोरूम को गर्मजोशी से अपनाएंगे और यहां के शानदार कलेक्शन्स को पसंद करेंगे।

लॉन्च का जश्न मनाते हुए कल्याण ज्वैलर्स ने हर 10 ग्राम सोने की खरीद पर 0.5 ग्राम सोना बिल्कुल मुफ्त देने की घोषणा की है। कल्याण स्पेशल गोल्ड बोर्ड रेट- बाजार में सबसे कम और सभी कंपनी शोरूम में मानकीकृत- इन आभूषण खरीद पर भी लागू होगा। ये ऑफर सीमित अवधि के लिए ही वैध हैं।

## लोहारू स्थित हनुमान मंदिर में पौधारोपण कर 2 हजार पौधे लगाने का लिया संकल्प

### पर्यावरण के संरक्षण से ही सुरक्षित होगा जन जीवनः तायल

**लोक प्रेरणा**
**लोहारू** शनिवार को हनुमान मंदिर में बरगद का पेड़ लगाकर एक पेड़ मां के नाम के कार्यक्रम के की शुरूआत की। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहतास चौहान भी मौजूद रहे। नपा चेयरमैन प्रदीप उर्फ बंटी तायल ने कहा कि पर्यावरण के संरक्षण से ही मानव जीवन सुरक्षित होगा। सभी का नैतिक दायित्व बनता है कि एक पेड़ मां के नाम लगाकर पर्यावरण संरक्षण का भागीदार बनें। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण मानव जीवन को सुरक्षित रखने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। यदि पर्यावरण संतुलित नहीं रह पाएगा तो मानव का जीवित रहना भी संभव नहीं रह पाएगा। आज पर्यावरण संतुलन बनाए रखने हमें अधिक से अधिक पौधे लगते होंगे। उन्होंने



बताया कि हनुमान मंदिर में पौधारोपण कर शुरूआत की है तथा हमारा लक्ष्य 2 हजार पौधे लगाने का संकल्प लिया। समाजसेवी रामकिशन टिके वाला ने कहा कि प्रकृति की पूजा ही ईश्वर की पूजा है हमें ज्यादा-से-ज्यादा प्राकृतिक संसाधनों के विषय में जागरूक रहना चाहिए। भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहतास चौहान व नगर पालिका चेयरमैन प्रदीप ने आमजन से आह्वन किया कि पर्यावरण संरक्षण की मुहिम में जुडकर पर्यावरण प्रहरी बनें ताकि पर्यावरण का संरक्षण किया जा सके।

उन्होंने कहा कि जब कोई संस्था या जनप्रतिनिधि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में इस प्रकार की पहल करते हैं तो इससे अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलती है।

लोक प्रेरणा
Email- lokprerna@gmail.com

# मुख्यमंत्री ने कहा दिल्ली में अब कोई नहीं रहेगा प्यासा, रेखा ने किया वाटर एटीएम का लोकार्पण

**लोक प्रेरणा**
**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 6 जून शुक्रवार को शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र बीएल-ब्लॉक स्थित सरकारी विद्यालय परिसर में वाटर एटीएम' का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गर्मियों में अब लोगों को प्यास से परेशान नहीं होना पड़ेगा।

हालाँकि ठंडा और साफ पानी उपलब्ध कराने के लिए दिल्ली सरकार की ओर से राजधानी में विशेषकर स्कूल परिसरों और सार्वजनिक स्थलों पर हजारों वाटर एटीएम लगाए जा रहे हैं। इस वाटर एटीएम के माध्यम से स्कूल के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ सड़क से गुजरने वाले आम नागरिक भी स्वच्छ और ठंडे जल का लाभ ले सकेंगे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सभी को निर्जला एकादशी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कहा कि निर्जला एकादशी पर जल सेवा का विशेष महत्व होता है।



आज हम दिल्ली के इस सरकारी स्कूल से वाटर एटीएम लगाने की शुरूआत कर रहे हैं। मुख्यमंत्री और कैबिनेट मंत्री प्रवेश वर्मा ने स्कूल की छात्राओं को पानी की बोतलें भी वितरित की।मुख्यमंत्री ने कहा कि जल सेवा भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। जहां विदेशों में पानी बिकता है, वहीं भारत में राहगीरों को ठंडा जल पिलाना हमारी सभ्यता और परंपरा रही है। हमारी सरकार ने यह संकल्प लिया है कि गर्मी के दिनों में किसी को भी पीने के पानी की दिक्कत न हो चाहे वह राह चलता मुसाफिर हो,रेहड़ी-पटरी वाला श्रमिक हो या कोई छात्र। एक्स पर अपनी पोस्ट में रेखा गुप्ता ने बताया कि 10वीं कक्षा के 1200 टॉपर्स को लैपटॉप उपहार स्वरूप प्रदान किए जाएंगे,जिससे वे अपनी शिक्षा के माध्यम से जीवन के नए आयामों को प्राप्त कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने शालीमार बाग स्थित जीएसकेवी विद्यालय में विधानसभा क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों के प्रमुखों के साथ संवाद किया। इस दौरान विद्यालय प्रमुखों के साथ स्कूलों के विकास और सुधार संबंधित विस्तृत चर्चा की,उनकी समस्याओं को सुना और समाधान के लिए अधिकारियों को त्वरित दिशा-निर्देश दिए।

## जहांगीरपुरी डीडीए मार्केट में कोयले की टाल पर किया जा रहा है इमारत का नवनिर्माण




**लोक प्रेरणा**
**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में जहांगीरपुरी के बी ब्लॉक स्थित डीडीए मार्केट में कोयले की टाल पर एक इमारत का निर्माण किया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि उसके अंदर मौजूद पेड़ों को जहरीले केमिकल और उनकी जड़ों में नमक डालकर नष्ट किया जा रहा है। क्योंकि जब तक वह पेड़ उस जगह पर मौजूद रहेंगे तो वहां पर इमारत का निर्माण नहीं हो पाएगा हालांकि इसकी शिकायत एक निजी संस्था द्वारा लगातार की जा रही है। लेकिन शिकायत करने के बावजूद भी बदस्तूर इमारत का निर्माण कार्य जारी है,और इमारत जिस जगह पर बनाई जा रही है।

वहां बरगद के साथ-साथ दूसरे अन्य भी पेड़ है। उन पेड़ों को घातक केमिकल और नमक डालकर नष्ट किया जा रहा है। निजी संस्था का कहना है कि हमने कई बार इसकी शिकायत दिल्ली की मुख्यमंत्री,एसडीएम मॉडल टाउन,दिल्ली नगर निगम और दिल्ली पुलिस के नॉर्थ वेस्ट जिले के पुलिस उपायुक्त को भी की,लेकिन अभी तक यहां कोई भी कार्यवाई नहीं हुई। सूत्रों की माने तो बनाई जा रही इमारत का एक हिस्सा डीडीए की भूमि है जिसपर इस अवैध इमारत का निर्माण किया जा रहा है। इस स्थान पर पहले कोयले और लकड़ी की टाल हुआ करती थी, जिसको हटा कर इमारत का नवनिर्माण किया जा रहा है अब देखना होगा कि निजी संस्था द्वारा शिकायत करने पर भी यह कार्यवाई होती है या फिर नहीं।

# गंतव्य संस्थान ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस, प्रतियोगिता में विजेताओं और शिक्षकों को सम्मानित किया

**लोक प्रेरणा**
**नई दिल्ली।** गंतव्य संस्थान ने विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रतियोगिता आयोजित कर विजेता और शिक्षकों को सम्मानित किया। इस मौके पर गंतव्य संस्थान की डायरेक्टर अर्चना त्यागी और संस्थापक अध्यक्ष डॉ अरविन्द कुमार त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान कई संगठनों के अध्यक्ष और महासचिव, स्वयंसेवक और शिक्षक व बच्चों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता धर्मगुरु पंडित चन्द्रवल्लभ बुडाकोटी ने की।इस अवसर पर अतिथियों के रूप में क्षेत्रीय पार्षद नेहा




अग्रवाल,दिल्ली पैरामेडिकल बोर्ड के अध्यक्ष डॉ प्रदीप अग्रवाल उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रख्यात पर्यावरणविद डॉ प्रबोध राज चन्दोल द्वारा मार्गदर्शन दिया गया। पेंटिंग,वाद-विवाद, कविता पाठ, डांस और नाटक कम्पीटिशन में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 45 बच्चों को पुरस्कृत किया गया,और सभी बच्चों व बड़ों को रिफ्रेशमेंट दी गई।

कुल मिला कर 36 बड़ों और 140 बच्चों ने इस कार्यक्रम में शिरकत की।शिक्षकों में महिपाल देशवाल, मनीष दहिया,स्वाति गोहित, यशोदा वर्धन ,निहारिका,मानवी त्यागी,घनश्याम शर्मा, इंदू देवी, शारदा शर्मा, सुरेश कुमार, भारती, सुनीता व कर्मवीर को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर भारतीय प्राकृतिक चिकित्सक संघ के सचिव डॉ हीरालाल मीणा, समर्पण सेवा ट्रस्ट के प्रमुख कुलभूषण शर्मा व रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष दिलीप कुमार, महासचिव श्यामबाबू,गुरुनानक कालेज के प्रवक्ता अरविन्द तिवारी सामाजिक कार्यकर्ता शाहरुख खान को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन गंतव्य संस्थान की डायरेक्टर अर्चना त्यागी ने किया और संस्थापक अध्यक्ष डॉ अरविन्द कुमार त्यागी ने बच्चों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि आज वक्त की सबसे बड़ी जरूरत है तो हर एक बच्चे को हर वर्ष अपने जन्मदिन पर एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए,और अन्य लोगों को भी कहना चाहिए कि वे भी पेड़ लगाएं, और अंत में सभी का धन्यवाद किया।

## भारत में रजिस्टर्ड स्टार्टअप की संख्या 1.76 लाख पहुंची, यूनिकॉर्न बढ़कर हुए 118

**नई दिल्ली ।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि पिछले 11 वर्षों में रजिस्टर्ड स्टार्टअप की संख्या 1.76 लाख तक पहुंच गई है, जिसमें 1 बिलियन डॉलर और उससे अधिक वैल्यूएशन वाले स्टार्टअप यानी यूनिकॉर्न की संख्या 118 दर्ज की गई है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में वित्त मंत्री ने कहा कि "भारत के युवा स्टार्टअप बना रहे हैं और नौकरियों के अवसर ला रहे हैं"। उन्होंने पोस्ट किया कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में पिछले 11 वर्षों में युवाओं के लिए किए गए कार्यों की एक झलक है।

## भारत में अब 112 देशों से आ रहा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश : पीयूष गोयल



**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत में अब 112 देशों से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आ रहा है, जबकि 2013-14 में यह आंकड़ा 89 था। इससे देश की ग्लोबल अपील में वृद्धि की जानकारी मिलती है।

राष्ट्रीय राजधानी में स्थित वाणिज्य भवन में इन्वेस्टर राउंडटेबल को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत की प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की सफलता की कहानी न केवल प्रभावशाली आंकड़ों के बारे में है, बल्कि यह दूरदर्शी सुधारों, नीतिगत स्पष्टता और भारत के आर्थिक भविष्य में वैश्विक समुदाय के भरोसे का भी प्रतिबिंब है।

निवेशक-अनुकूल नीति व्यवस्था पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि अब अधिकांश सेक्टरों में ऑटोमेटिक रूट से 100 प्रतिशत तक एफडीआई की अनुमति है।

राउंडटेबल में प्रमुख कंपनियों, औद्योगिक पार्कों और औद्योगिक संघों के पक्षकारों सहित 90 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में राजस्थान, महाराष्ट्र, दिल्ली, गुजरात, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे राज्यों के 50 से अधिक औद्योगिक पार्कों का प्रतिनिधित्व किया गया।

उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया ने अपने संबोधन में कहा कि एफडीआई भारत के विकास की आधारशिला है और भारत की क्षमता में वैश्विक विश्वास का एक प्रमुख संकेतक है।

उन्होंने देश के भीतर पुनर्निवेश बढ़ाने, औद्योगिक पार्क के बुनियादी ढांचे में सुधार करने और नए विस्तार के अवसरों का पता लगाने के लिए निवेशकों से विचार और सुझाव आमंत्रित किए।

डीपीआईआईटी के सचिव ने विदेशी निवेश को और अधिक बढ़ाने के लिए लक्षित नीतिगत हस्तक्षेपों के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने प्रमुख निवेशकों से अपने परिचालन को बढ़ाने, स्टार्टअप में निवेश करने और भारत की बढ़ती निवेश गति में योगदान देने पर विचार करने का भी आग्रह किया।

कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिभागियों ने सरकार के सक्रिय नीतिगत उपायों और उदार निवेश मानदंडों की सराहना की, जिसने भारत की आकर्षक निवेश गंतव्य के रूप में स्थिति को बढ़ाया है।

पक्षकारों ने भूमि एवं श्रम सुधार, कौशल विकास, केंद्र-राज्य नीति समन्वय, विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास में एफडीआई सीमा बढ़ाने और विनिर्माण एवं हरित ऊर्जा में निवेश को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर सुझाव भी साझा किए।

# दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता को मिली जान से मारने की धमकी, सुरक्षा बढ़ाई गई

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को जान से मारने की धमकी मिली, जिसके बाद उनकी सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। गाजियाबाद पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को जानकारी दी कि गुरुवार रात करीब 11 बजे पुलिस कंट्रोल रूम (पीसीआर) में एक अज्ञात कॉलर ने यह धमकी दी।

धमकी भरा कॉल करने के तुरंत बाद आरोपी ने अपना मोबाइल फोन बंद कर दिया। गाजियाबाद पुलिस के डिप्टी कमिश्नर (सिटी) के अनुसार, कॉल के तुरंत बाद फोन बंद हो गया और अब तक चालू नहीं हुआ है।

गाजियाबाद पुलिस की इंटर-स्टेट कोऑर्डिनेशन सेल ने दिल्ली पुलिस को इस धमकी की सूचना दी। जांच में सामने आया है कि जिस सिम से धमकी दी गई, उसके मालिक की पहचान कर ली गई है और इसमें टेलीकॉम कंपनी की मदद ली गई।

धमकी मिलने के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की सार्वजनिक गतिविधियों पर असर पड़ सकता है। उनकी सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है।

दिल्ली के मुख्यमंत्रियों को पहले भी हमलों और धमकियों का सामना करना पड़ा है। 2019 में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक ऑटो ड्राइवर ने थप्पड़ मारा था। उसका आरोप था कि केजरीवाल ने चुनावी वादे पूरे नहीं किए।



2016 में छत्रसाल स्टेडियम में एक आधिकारिक कार्यक्रम के दौरान केजरीवाल पर एक महिला ने स्याही फेंकी थी। यह महिला पंजाब की एक संस्था से जुड़ी थी और दिल्ली में सीएनजी वाहनों के स्टिकर घोटाले का विरोध कर रही थी।

यह हमला उस समय हुआ था जब केजरीवाल 'ऑड-ईवन' योजना की सफलता पर जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

यहां तक कि फरवरी 2025 के विधानसभा चुनावों से पहले भी एक सुरक्षा संबंधी घटना सामने आई थी, जब केजरीवाल पर सावित्री नगर, मालवीय नगर में पदयात्रा के दौरान एक अज्ञात व्यक्ति ने तरल पदार्थ फेंका था।

## एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक को भारत में सैटेलाइट इंटरनेट सर्विसेज शुरू करने के लिए मिला लाइसेंस



**नई दिल्ली, ।** एलन मस्क के नेतृत्व वाली सैटेलाइट इंटरनेट सर्विसेज कंपनी स्टारलिंक को भारत में कमर्शियल सर्विसेज शुरू करने के लिए लाइसेंस मिल गया है। कंपनी इस साल के आखिरी या अगले वर्ष की शुरूआत में देश में कमर्शियल ऑपरेशन शुरू कर सकती है।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने अमेरिकी कंपनी को ग्लोबल मोबाइल पर्सनल कम्युनिकेशन बाय सैटेलाइट (जीएमपीसीएस) परमिट जारी कर दिया है।

आने वाले दिनों में स्टारलिंक को ट्रायल स्पेक्ट्रम भी जारी किया जाएगा, क्योंकि कंपनी ने लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई) की सभी सुरक्षा अनुपालन आवश्यकताओं को पूरा कर लिया है।

देश में सैटेलाइट इंटरनेट सर्विसेज सेवाएं प्रदान करने के लिए स्टारलिंक अब यूटेलसैट के वनवेब और जियो-एसईएस के बाद जीएमपीसीएस परमिट पाने वाली तीसरी सैटकॉम कंपनी है।

स्टारलिंक को अब इंडियन नेशनल स्पेस प्रमोशन एंड ऑथराइजेशन सेंटर (आईएन-स्पेस) से मंजूरी की आवश्यकता है और सैटेलाइट-आधारित इंटरनेट सर्विस स्पेक्ट्रम आवंटित किए जाने से पहले ही कंपनी ने इसके लिए आवश्यक दस्तावेज जमा कर दिए हैं।

स्टारलिंक द्वारा सैटकॉम ऑपरेटरों के लिए नए राष्ट्रीय सुरक्षा दिशानिदेशों का पालन करने पर सहमति जताए जाने के बाद डीओटी की ओर से प्रारंभिक मंजूरी दी गई थी।

अप्रैल में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने देश में कंपनी की निवेश योजनाओं पर चर्चा करने के लिए स्टारलिंक के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक की थी।

बैठक के बाद गोयल ने एक्स पर पोस्ट किया, "स्टारलिंक के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की, जिसमें उपाध्यक्ष चाड गिब्स और वरिष्ठ निदेशक रयान गुडनाइट शामिल थे। बैठक में स्टारलिंक के अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म, उनकी मौजूदा साझेदारियों और भारत में भविष्य की निवेश योजनाओं पर चर्चा हुई।"

केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी कहा है कि भारत को खासकर ग्रामीण इलाकों में सैटेलाइट इंटरनेट की जरूरत है।

स्टारलिंक, एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स की सहायक कंपनी है। स्टारलिंक पूरी दुनिया में सैटेलाइट इंटरनेट सेवा उपलब्ध कराती है। टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ मस्क इस साल के अंत में भारत आ सकते हैं।

# बकरीद को लेकर राज्य सरकारें अलर्ट, प्रतिबंधित कुबार्नी और सोशल मीडिया पर सख्त नजर

**नई दिल्ली।** बकरीद के मद्देनजर देश के विभिन्न शहरों में पुलिस और प्रशासन सतर्क हो गए हैं। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। साथ ही, प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी और सार्वजनिक स्थानों पर कुबार्नी को लेकर सख्ती बरती जा रही है।

दिल्ली सरकार ने बकरीद को लेकर सख्त एडवाइजरी जारी की है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि गाय, बछड़े, ऊंट और अन्य प्रतिबंधित जानवरों की कुबार्नी पर पूर्ण रोक रहेगी। इसके साथ ही सड़कों, गलियों और खुले स्थलों पर कुबार्नी नहीं की जा सकेगी, केवल अधिकृत स्थानों पर ही इसकी अनुमति होगी। सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट पर नजर रखते हुए कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद एसएसपी सतपाल अंतिल ने बताया कि जिले को सेक्टरों में बांटकर मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई है। पीएसी की छह कंपनियां की लगाई गई हैं और



संवेदनशील इलाकों में ड्रोन से निगरानी की जा रही है। पीस कमेटियों की गली-मोहल्लों से लेकर थाना स्तर तक बैठकें आयोजित की गई हैं।

बिजनौर एसपी अभिषेक झा ने बताया कि जिले भर में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी। प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी पर पूर्ण प्रतिबंध लागू किया गया है और जिले को जोन और सेक्टरों में विभाजित कर पुलिस बल की तैनाती की गई है।

अलीगढ़ एएसपी मयंक पाठक ने बताया कि बकरीद को लेकर आरएएफ और पीएसी की दो कंपनियां तैनात की गई हैं। कई थानों की पुलिस और सीओ स्तर के अधिकारी ड्यूटी पर रहेंगे। सर्विलांस, ड्रोन और इंटेलिजेंस यूनिट की सहायता से निगरानी की जाएगी।

मेरठ के एसएसपी विपिन ताड़ा ने बताया कि मेरठ में ईद पर निगरानी के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है, जिसकी मॉनिटरिंग खुद एसएसपी और डीएम करेंगे। पीएसी, सिविल पुलिस और एलआईयू की टीमें तैनात की गई हैं। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सार्वजनिक स्थलों पर नमाज और खुले में कुबार्नी पर रोक रहेगी।

फिरोजाबाद के एसपी ग्रामीण त्रगुन बिसेन ने बताया कि जिले की सभी ईदगाहों में नमाज शांतिपूर्वक अदा की जाएगी। संवेदनशील इलाकों में कड़ी सतर्कता बरती जा रही है। प्रशासन ने परंपरागत तरीकों से त्योहार मनाने की अपील की है और शांति तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण सुनिश्चित करने के लिए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

मध्य प्रदेश के बुरहानपुर के एसपी देवेंद्र पाटीदार ने बताया कि जिले में संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है और शांति समिति की बैठकों के जरिए लोगों से संवाद किया गया है।

## केंद्र की एमएसपी पर गेहूं खरीद तीन वर्ष के उच्चतम स्तर पर रही

**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार ने रबी मार्केटिंग सीजन 2025-26 में 29.92 मिलियन टन गेहूं की खरीद की है। इसमें पिछले साल की अपेक्षा 13 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है और बीते तीन वर्षों में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर गेहूं खरीदने का यह अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है।

यह खरीद देश भर के प्रमुख गेहूं उत्पादक राज्यों की मंडियों में पहुंचे कुल 40.42 मिलियन टन गेहूं में से की गई है। शेष हिस्सा मिल मालिकों और व्यापारियों द्वारा ऐसी कीमत पर खरीदा गया है जो सरकार द्वारा दिए जाने वाले न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम नहीं हो सकती है।

उत्तर प्रदेश और राजस्थान की मंडियों में अभी भी थोड़ी मात्रा में गेहूं पहुंचने का अनुमान है। कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली और बाजार हस्तक्षेप योजनाओं के माध्यम से वितरण के लिए इस खरीद को पर्याप्त माना जा रहा है।

एक वरिष्ठ अधिकारी की ओर से बताया गया,"वर्तमान में भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के पास 36.65 मिलियन टन गेहूं का स्टॉक है, जो 1 जुलाई के लिए 27.58 मिलियन टन की बफर आवश्यकता से अधिक है।

# दिल्ली पुलिस ने दिल्ली के कोने-कोने से अवैध विदेशी व बांग्लादेशियों को खंगाल कर वापस भेजा

**लोक प्रेरणा**
**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में दिल्ली पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे विदेशी व बांग्लादेशियों के खिलाफ मई और जून में कठोर एक्शन लिया है। बता दें कि द्वारका जिला पुलिस ने मई में 71 विदेशियों को डिपोर्ट किया, जिनमें 47 बांग्लादेशी, 17 म्यांमार के रोहिंग्या और 7 नाइजीरियाई शामिल रहे हैं। इसके अलावा, नॉर्थ-वेस्ट और शाहदरा जिला पुलिस ने भी बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी दो जून को नॉर्थ-वेस्ट दिल्ली पुलिस ने भारत नगर थाना क्षेत्र में 18 बांग्लादेशी नागरिकों को धर दबोचा।

खुफिया सूचना के आधार पर शुरू किए गए इस ऑपरेशन में पुलिस ने वजीरपुर जेजे कॉलोनी में तलाशी ली। डीसीपी भीष्म सिंह ने बताया कि 36 फुटपाथों और 45 गलियों को खंगाला गया। एक संदिग्ध को पहले पकड़ा गया, जिसने पूछताछ में बांग्लादेशी होने की बात कबूली। ये लोग हरियाणा से दिल्ली आए थे और पकड़े जाने से बचने के लिए बार-बार ठिकाने बदल रहे थे। वहीं इसी दिन



शाहदरा जिला पुलिस ने सीमापुरी इलाके में 16 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा। खबर मिली थी कि उत्तर प्रदेश-दिल्ली बॉर्डर के पास शहीद नगर इलाके में अवैध प्रवासियों की आवाजाही हो रही है। पुलिस ने तुरंत सूचना की पुष्टि की और एक जॉइंट ऑपरेशन चलाया। मुखबिर की मदद से इन लोगों को सीमापुरी में घुसते समय पकड़ लिया गया। द्वारका जिला पुलिस ने मई में अवैध रूप से रह रहे 71 विदेशियों को पकड़कर डिपोर्टेशन के लिए भेजा। डीसीपी द्वारका अंकित सिंह ने बताया कि इन विदेशियों के पास वैध वीजा नहीं था। पुलिस की स्पेशल स्टाफ, उत्तम नगर थाना, एंटी-नारकोटिक्स सेल, छावला थाना और एएटीएस की टीमें इस ऑपरेशन में शामिल थीं। पकड़े गए विदेशियों को फॉरेनर्स रीजनल रजिस्ट्रेशन ऑफिस के सामने पेश किया गया, जिसके बाद उन्हें डिटेंशन सेंटर भेजा गया। ऐसे में दिल्ली पुलिस की इन कार्रवाइयों से साफ है कि अवैध प्रवासियों पर नकेल कसने के लिए कोई कोर-कसर बाकी नहीं रखी जा रही। बांग्लादेशी नागरिकों की बड़ी संख्या ने पुलिस की चुनौतियों को और बढ़ा दिया है। लेकिन, दिल्ली पुलिस की मुस्तैदी और खुफिया तंत्र की तारीफ करनी होगी, जो लगातार ऐसे मामलों पर पैनी नजर रखे हुए है।

# औद्योगिक गलियारे के लिए भूमि अधिग्रहण में कोताही न हो : एडीएम

**लोक प्रेरणा**
**कन्नौज।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आशीष कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में औद्योगिक गलियारा एवं रिकॉर्ड ऑपरेशन ग्राम सर्वे के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई।
अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) ने निर्देश दिए औद्योगिक गलियारा परियोजना क्षेत्र के औद्योगिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए भूमि अधिग्रहण में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। प्रस्तावित भूमि के क्रय की



प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि भूमि मालिकों को नियमानुसार मुआवजा समय पर प्रदान किया जाए।
उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निदेशानुसार आईजीआरएस प्रकरणों के शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जाए। कोई भी प्रकरण शिकायतकर्ता से मिले बिना निस्तारण न किया जाए।
उन्होंने कहा कि लंबित शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए ताकि आम जनता को त्वरित राहत मिल सके। साथ ही उन्होंने रैंकिंग में सुधार हेतु बेहतर कार्यप्रणाली अपनाने पर भी जोर दिया, जिससे जिले की प्रशासनिक छवि सशक्त हो सके।
श्री सिंह ने रिकॉर्ड ऑपरेशन ग्राम सर्वे की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि ग्राम स्तर पर सर्वे कार्य में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण की प्रक्रिया पारदर्शी एवं सटीक होनी चाहिए, ड्रोन के माध्यम से भी सर्वे कार्य किया जाए।
बैठक में डिप्टी कलेक्टर रामकेश सिंह, उप जिलाधिकारी तिर्वा अशोक कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## औद्योगिक गलियारे के लिए भूमि अधिग्रहण में कोताही न हो : एडीएम




**लोक प्रेरणा**
**कन्नौज।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आशीष कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में औद्योगिक गलियारा एवं रिकॉर्ड ऑपरेशन ग्राम सर्वे के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई।
अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) ने निर्देश दिए औद्योगिक गलियारा परियोजना क्षेत्र के औद्योगिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए भूमि अधिग्रहण में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। प्रस्तावित भूमि के क्रय की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि भूमि मालिकों को नियमानुसार मुआवजा समय पर प्रदान किया जाए।
उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निदेशानुसार आईजीआरएस प्रकरणों के शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जाए। कोई भी प्रकरण शिकायतकर्ता से मिले बिना निस्तारण न किया जाए। उन्होंने कहा कि लंबित शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए ताकि आम जनता को त्वरित राहत मिल सके। साथ ही उन्होंने रैंकिंग में सुधार हेतु बेहतर कार्यप्रणाली अपनाने पर भी जोर दिया, जिससे जिले की प्रशासनिक छवि सशक्त हो सके।
श्री सिंह ने रिकॉर्ड ऑपरेशन ग्राम सर्वे की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि ग्राम स्तर पर सर्वे कार्य में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण की प्रक्रिया पारदर्शी एवं सटीक होनी चाहिए, ड्रोन के माध्यम से भी सर्वे कार्य किया जाए।
बैठक में डिप्टी कलेक्टर रामकेश सिंह, उप जिलाधिकारी तिर्वा अशोक कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## दोषियों को सजा मिलनी चाहिए', बेंगलुरु भगदड़ मामले पर बोले संजय निषाद



**लखनऊ ।** आईपीएल 2025 खिताब जीतने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत के जश्न के दौरान मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की है।
संजय निषाद ने कहा, "लोकतंत्र में व्यवस्था देना सरकार का काम है। कार्यपालिका इसलिए जनता का पैसा लेती है, ताकि उनको सुरक्षा और सम्मान दे। अगर डॉक्टर, इंजीनियर, अधिकारी बने हैं, तो वे भी जनता के पैसे से पढ़कर बने हैं। अगर आप जनता के पैसों से पढ़कर अधिकारी बने हैं, तो यह आपकी जिम्मेदारी है। सरकारी अधिकारी जनता का होता है। जनता को सुरक्षा देना उसका काम होता है। राजनीति की गद्दी पर जो बैठे हैं, उनकी भी जिम्मेदारी है। अगर आप सुरक्षा और सम्मान की गारंटी दे रहे हैं, और इनमें कमी आती है, तो दोषी ये लोग हैं। निश्चित रूप से इनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। अगर कार्रवाई नहीं होगी, तो ऐसा हमेशा होता रहेगा। आगे घटना न हो, उसके लिए दंड होना चाहिए।"
बसपा प्रमुख मायावती का कहना है कि जातिवादी पार्टियां बसपा की बढ़ती ताकत से घबरा गई हैं। हाल ही में मायावती ने आरोप लगाया था कि कुछ लोग जानबूझकर कांशीराम और उनके नाम का इस्तेमाल कर भोले-भाले लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने की कोशिश कर रहे हैं। संजय निषाद ने बसपा सुप्रीमो मायावती के दलित राजनीति पर दिए बयान पर कहा, "मैं उन्हें धन्यवाद दूंगा। वह उस समय आईं, जब कोई दलित खड़ा नहीं हो पाता था। वह चार बार सत्ता में आईं, मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं।"

## नगवाई ग्राम प्रधानी में भ्रष्टाचार का बोलबाला

### जांच को आई टीम के सामने शिकायतकर्ता की मारपीट

**लोक प्रेरणा**
**जलेसर ।** विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नगवाई में विकास कार्यों के नाम पर मिली भगत कर एक ही काम की तीन बार निकाली धनराशि दो बार मिली भगत कर जांच को दफनाने का किया। प्रयास तीसरी बार हो रही जांच के दौरान शिकायतकर्ता की मारपीट शिकायतकर्ता सहित कई घायल वही ग्राम प्रधान पक्ष ने सात नाम जदो के विरुद्ध कराई प्राथमिकी जवकि पीड़ित पक्ष के द्वारा ऑनलाइन की प्राथमिकी।
घटनाक्रम के अनुसार ग्राम नगवाई निवासी कुलदीप कुमार के अनुसार ग्राम पंचायत में व्याप्तभ्रष्टाचार के संबंध में दर्जनों बार शिकायत की गई शिकायत के उपरांत जांच अधिकारी ऐडियो पंचायत हरीश कुमार को भ्रष्टाचार के संबंध में जानकारी व्हाट्सएप एवं अन्य प्रमाण पत्र के जरिए दी गई थी लेकिन जांच अधिकारी द्वारा घर पर बैठकर प्रधान को दोष मुक्त कर दिया गया पुन्हें शिकायत करने पर



जिला स्तर के अधिकारियों द्वारा 5 जून को ग्राम पंचायत में बैठकर जांच की जा रही थी जांच स्थल पर जांच अधिकारी द्वारा पांच-पांच व्यक्ति बुलाऐ गये थे लेकिन शिकायतकर्ता पक्ष के पांच व्यक्ति थे तो ग्राम पंचायत प्रधान पक्ष के दर्जनो लोग मौजूद थे शिकायतकर्ता द्वारा अपनी शिकायतों को सही बताने के लिए साक्ष्य दिए जा रहे थे इस दौरान ग्राम प्रधान देवेश कुमार, कृष्ण गोपाल उर्फ अंशू ,अजीत कुमार,अन्तेश कुमार, योगेश कुमार, रामनरेश यादव, पप्पू मनोज कुमार बन्टू, वीरेंद्र कुमार गौरव,आदि लोगों द्वारा शिकायतकर्ता कुलदीप कुमार के साथ लाठी,डण्डो, लाइसेंसी रिवॉल्वर से जान से मारने की धमकी देकर मारपीट कर दी जिसमें कुलदीप कुमार उसकी आंखों पर चोटें आई शिकायतकर्ता थाने पहुंचा तो प्रधान पक्ष के लोगों की मौजूदगी के चलते हुए अधिकारियों के पास तक नहीं पहुंच सका इस समय शिकायतकर्ता द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के नाम ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई वही ग्राम प्रधान देवेश यादवु द्वारा साथ नाम जड़ों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई
इस संबंध में पीड़ित कुलदीप कुमार का कहना है कि ग्राम प्रधान द्वारा किए गए भ्रष्टाचार की ईमानदारी से जांच ना हुई तो वह मुख्यमंत्री के समक्ष आत्मदाह एवं अन्य कार्यवाही करने के लिए विवस होंगे।

## बच्ची से बलात्कार मामले के आरोपी को यूपी पुलिस ने मुठभेड़ मार गिराया



**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के लखनऊ में तीन साल की बच्ची के अपहरण और बलात्कार के आरोपी को शुक्रवार को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया।
सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद पुलिस ने आरोपी की पहचान दीपक वर्मा के रूप में की, जिसमें वह बच्चे के साथ दिखाई दिया।
अधिकारियों ने बताया कि वह आदतन अपराधी है और शहर के विभिन्न थानों में उसके खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस उपायुक्त (मध्य क्षेत्र) आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के तुरंत बाद पांच पुलिस टीमें गठित की गईं और उसकी गिरफ्तारी पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया।
सीसीटीवी फुटेज के जरिए उसकी पहचान करने के बाद पुलिस ने उसके स्कूटर का रजिस्ट्रेशन नंबर हासिल कर लिया। बाद में, एक गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार तड़के छावनी के देवी खेड़ा के पास वर्मा को पकड़ लिया।
श्रीवास्तव ने बताया, "जब उससे आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, तो उसने पुलिस टीम पर गोलियां चला दीं। जवाबी फायरिंग में वह घायल हो गया।"
डीसीपी श्रीवास्तव ने मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया, "5 जून की सुबह 10 बजे शिकायत दर्ज कराई गई कि ढाई साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म किया गया है। मुकदमा दर्ज कर पांच टीमें गठित की गईं। स्कूटर की सीसीटीवी फुटेज के अनुसार आरोपी की पहचान दीपक वर्मा के रूप में हुई। पुलिस आयुक्त को एक लाख रुपये का इनाम घोषित करने का प्रस्ताव दिया गया। 20 घंटे के भीतर पुलिस टीम और आरोपी के बीच मुठभेड़ हो गई।"
आरोपी गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसने दम तोड़ दिया।
पुलिस ने गुरुवार को बताया कि बच्ची का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म किया गया और फिर उसे बेहोशी की हालत में मेट्रो पुल के नीचे छोड़ दिया गया।
यह घटना लखनऊ के आलमबाग इलाके में हुई। बच्ची अपने माता-पिता के साथ चंदानगर मेट्रो स्टेशन के पास रहती थी। सुबह बच्ची नहीं मिलने पर माता-पिता ने बच्ची की तलाश शुरू की। कुछ देर बाद बच्ची मेट्रो पुल के नीचे बेहोशी की हालत में मिली।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस पर कुशीनगर में स्वैच्छिक रक्तदान व पौधरोपण



**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस के अवसर पर कुशीनगर विधायक पी.एन. पाठक द्वारा कुबेरस्थान बाजार में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य समाजसेवा और जनहित में योगदान देना था। शिविर में कुल 6 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर जरूरतमंदों के लिए जीवनदायी सहयोग प्रदान किया।
**रक्तदान के साथ पर्यावरण का संदेश भी**
चूंकि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस भी मनाया जाता है, इसी अवसर पर विधायक पी.एन. पाठक ने शिव मंदिर परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने उपस्थित जनता को हरित जीवनशैली अपनाने और अधिकाधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया।
समाजसेवा और जन-जागरूकता की पहल
इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी (उटड), कुशीनगर एवं परोप्रकाश सिंह उर्फ गोलू सिंह समेत अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने पौधारोपण कार्यक्रम में भाग लिया और वृक्षों की महत्ता पर बल दिया।
विधायक पी.एन. पाठक ने कहा, ह्लमुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के जन्मदिवस पर सेवा और संवेदनशीलता के इस कार्यक्रम का आयोजन कर हम उनके नेतृत्व में प्रदेश के विकास और सामाजिक जिम्मेदारियों को आगे बढ़ा रहे हैं। रक्तदान जीवनदान है और पौधारोपण भविष्य की सुरक्षा।
**जन सहयोग से ही बनेगा हरित और स्वस्थ समाज**
रक्तदान और पौधारोपण जैसे आयोजनों के माध्यम से न केवल सामाजिक सेवा को बढ़ावा दिया जा रहा है, बल्कि आमजन को भी सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय नागरिकों में काफी उत्साह देखने को मिला और सभी ने भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में सहभागिता का संकल्प लिया।

## राम मंदिर के भव्य-दिव्य के साथ और विराट होने की आकांक्षा : स्वामी दिलीप दास

**अयोध्या ।** रघुवंश संकल्प सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष स्वामी दिलीप दास त्यागी ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में अयोध्या में चल रहे राम मंदिर निर्माण कार्य की प्रशंसा की।
उन्होंने कहा कि राम मंदिर भव्य, दिव्य और नवीन है। उनके अनुसार, सनातन धर्म में भारत में ऐसा कोई दूसरा धार्मिक स्थल नहीं है, जिसके प्रति लोगों की इतनी आस्था और लगाव हो। स्वामी दिलीप दास ने बताया कि भगवान रामलला की जन्मभूमि के लिए लोगों ने बलिदान दिया है।
उन्होंने कहा कि अयोध्या सृष्टि की पहली धरती है, जिसे महाराजा मनु ने बसाया था। भगवान श्री राम के



अवतरण से पहले ही अयोध्या का अस्तित्व था और उनके जन्म से यह और गौरवान्वित हो गई।
स्वामी दिलीप दास त्यागी ने कहा कि राम मंदिर की भव्यता की कल्पना विराट थी। इसे और भव्य होना चाहिए था। जितना बड़ा मंदिर बन रहा है, उतने बड़े मंदिर भारत में पहले से मौजूद हैं। उन्होंने उदाहरण दिया कि जैन धर्म के अनुयायियों ने कई भव्य मंदिर बनाए हैं। उन्होंने वृंदावन के प्रेम मंदिर का जिक्र किया, जिसे जगतगुरु कृपालु जी महाराज ने अकेले बनवाया। राम मंदिर के लिए पूरा देश और सनातन धर्मी एकजुट हुए हैं। वे वर्तमान निर्माण से संतुष्ट हैं, लेकिन उनकी आकांक्षा है कि मंदिर और विराट हो।
उन्होंने यह भी कहा कि संतुष्टि जीवन जीने का तरीका है, लेकिन आकांक्षा, उम्मीद और बड़ी सोच भी जरूरी है। लोगों ने मंदिर निर्माण के लिए दिल खोलकर दान, समर्पण और सहयोग किया। भगवान राम ने ऐसा समय बनाया कि पहले ढाई एकड़ का क्षेत्र अब सैकड़ों एकड़ में फैल गया है।
स्वामी दिलीप दास ने अयोध्या के विकास में सभी की भागीदारी पर जोर दिया। उन्होंने सुझाव दिया कि अयोध्या के मौजूदा लोकसभा सदस्य को अपनी सांसद निधि और संवैधानिक अधिकारों का इस्तेमाल कर अभी से विकास में योगदान देना चाहिए।
उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार और भारत सरकार के सहयोग से जो विकास हो रहा है, उसमें स्थानीय सांसद को भी अपनी बात रखनी चाहिए और अधिक से अधिक अनुदान लाकर अयोध्या की प्रगति में मदद करनी चाहिए। उन्होंने भविष्य की योजनाओं पर कम और वर्तमान में काम करने पर ध्यान देने की सलाह दी।
स्वामी जी ने कहा कि 2045 के सपनों से संतुष्ट होने के बजाय 2025, 2026 और 2027 को भी बेहतर करना होगा।

## वाराणसी सिटी समेत मंडल पर अंतर्राष्ट्रीय समपार जागरूकता दिवस मनाया गया : विनीत कुमार श्रीवास्तव

**लोक प्रेरणा**
**वाराणसी।** जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि पूर्वोत्तर रेलवे का वाराणसी मंडल यात्रियों की सुविधाओं के साथ साथ आम जनता की संरक्षा व सुरक्षा के लिए लगातार प्रयासरत है । इसी क्रम में मंडल रेल प्रबंधक विनीत कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में एवं वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी बलेन्द्र पाल के नेतृत्व में वाराणसी मंडल के बनारस, वाराणसी सिटी समेत मंडल पर अंतर्राष्ट्रीय समपार जागरूकता दिवस-2025 मनाया गया ।
अन्तर्राष्ट्रीय समपार जागरूकता दिवस के अवसर पर उप मुख्य संरक्षा अधिकारी(सिगनल) गोरखपुर राजेश शर्मा,वरिष्ठ परिचालन प्रबंधक (संरक्षा) गोरखपुर संजय कुमार कन्नौजिया एवं सहायक मंडल संरक्षा अधिकारी अभिषेक कुमार समेत सेफ्टी कौंसलरों की वाराणसी टीम द्वारा मंडल के बनारस व वाराणसी सिटी स्टेशनों तथा बनारस-औड़िहार रेल खण्ड के संवेदनशील एवं भीड़-भाड़ वाले समपारों के निकट क्षेत्रीय की जनता को जागरूक करने के लिये भारत स्काउट एण्ड गाइड जिला संघ के सदस्यों की मद्त से नुक्कड़ नाटक का मंचन कर रेलवे ट्रैक पार करने से सम्बंधित सावधानियों जैसे ट्रेन के आवागमन को सुनिश्चित करने के लिए सही गेयर पर वाहन चलाने,रेलवे क्रासिंग से गुजरते समय ध्वनि विस्तारकों एवं ईयरफोन के प्रयोग नही करने तथा सुरक्षा नियमों की अनदेखी से होने वाले गंभीर परिणामो के विषय मे नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से अवगत



कराकर जागरूक किया । इस दौरान ह्यजीवन समय से ज्यादा मूल्यवान है।
समपारों को पार करने में सावधानी बरतेंह्य, ह्यसमपारों के बन्द होने की स्थिति में उसके नीचे से न जायेंह्य तथा ह्यसमपार खोलने के लिये गेटमैन पर अनर्गल दबाव न बनायेंह्य स्लोगन का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया।
इसके अतिरिक्त संरक्षा टीम द्वारा बनारस- हरदत्तपुर रेल खण्ड के समपार फाटकों सं-5इ, मोहनसराय में10२स्त्रह्ल, राजातालाब में12उ एवं 13 रस्त्रह्ल तथा वाराणसी सिटी-सारनाथ रेल खण्ड पर पड़ने वाले व्यस्ततम समपार फाटक सं- 25 स्पेशल,24 स्पेशल,18अ रेलवे क्रासिंगों पर दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से वाराणसी मंडल के संरक्षा संगठन द्वारा मंडल स्तर पर अभियान चलाकर आस पास के नागरिकों स्कूल के बच्चों एवं सड़क उपयोगकताओं को संरक्षा के प्रति जागरूक किया । रेलवे फाटकों के नजदीकी गावों, ब्लाकों,आंगनबाड़ी केन्द्रो एवं विद्यालयों में संरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सड़क उपयोगकताओं हेतु रेलवे सुरक्षा बल के साथ संयुक्त जाँच एवं काउन्सलिंग अभियान चलाया गया ।
इसके साथ ही मंडल के विभिन्न रेलवे क्रासिंगों के निकट संरक्षा संगठन के सदस्यों द्वारा रेलवे ट्रैक पार करने से सम्बंधित सावधानियों जैसे ट्रेन के आवागमन को सुनिश्चित करने के लिए सही गेयर पर वाहन चलाने,रेलवे क्रासिंग से गुजरते समय ध्वनि विस्तारकों एवं ईयरफोन के प्रयोग नही करने तथा सुरक्षा नियमों की अनदेखी से होने वाले गंभीर परिणामो के विषय में अवगत कराकर जागरूक किया । सेफ्टी काउंसलरों विजय यादव, अविनाश, उपेन्द्र , संजय, चंदन कुमार, शशांक शर्मा तथा रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा अभियान चलाकर संवेदनशील रेलवे क्रासिंगों के निकट बजारों,पट्रोल पम्पों ,दुकानों एवं विद्यालयों/कोचिंग सेन्टरों के सड़क उपयोगकताओं को (१-रुकिए २-देखिये ३-तब जाईये स्लोगन के साथ) जागरूक किया साथ ही सड़क उपयोगकताओं एवं आम जनता को 2000 पम्प्लेट,1200 संरक्षा बैग और 1000 संरक्षा डायरी वितरित किया गया। उल्लेखनीय है कि विगत वित्त वर्ष में कुल 26 लेवल क्रॉसिंग को विभिन्न माध्यमों यानी (छ्लर) लो हाईट सबवे , डायरेक्ट क्लोजर और मर्जर के जरिए खत्म किया गया ।

## तकनीकी खराबी के कारण वायु सेना के अपाचे हेलीकॉप्टर की सहारनपुर में इमरजेंसी लैंडिंग

**उत्तर प्रदेश :** तकनीकी खराबी के कारण वायु सेना के अपाचे हेलीकॉप्टर की सहारनपुर में इमरजेंसी लैंडिंगसहारनपुर। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में शुक्रवार को तकनीकी खराबी के कारण सेना के 'अपाचे' हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई।
सहारनपुर के चिलकाना थाना क्षेत्र में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब भारतीय वायु सेना के हेलीकॉप्टर की खेत में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। वायुसेना का एक अपाचे अटैक हेलीकॉप्टर (एएच-64ई) की यमुना नदी के किनारे चिलकाना थाना क्षेत्र के जोधेबांस गांव के पास एक खेत में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। हेलीकॉप्टर सरसावा एयरफोर्स बेस से रूटीन अभ्यास के लिए उड़ा था, लेकिन बीच रास्ते में ही तकनीकी खराबी की वजह से पायलट को खेत में लैंडिंग करानी पड़ी। गनीमत रही कि दोनों पायलट पूरी तरह सुरक्षित हैं, और हेलीकॉप्टर को भी कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ।

## जनता की समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं अधिकारी : सीएम योगी

**गोरखपुर ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं। समस्या से जुड़ी शिकायत पर तेजी से कार्रवाई करते हुए गुणवत्तापूर्ण व संतुष्टिपरक समाधान सुनिश्चित कराएं।
जनता दर्शन कार्यक्रम में पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त करते हुए कहा, "घबराइए मत। सरकार हर समस्या पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराएगी।"
शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान सीएम योगी करीब 200 लोगों से मिले। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर लगी कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना। इत्मीनान से



बात सुनते हुए उनके प्रार्थना पत्र लिए। पास में खड़े अधिकारियों को समस्या समाधान हेतु आवश्यक दिशानिर्देश दिए। अलग-अलग मामलों से जुड़े समस्याओं के निस्तारण के लिए उन्होंने संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और सन्तुष्टिपरक होना चाहिए।
अपराध व जमीन कब्जा किए जाने से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथने पुलिस अधिकारियों को अपराधियों व भू माफिया के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा यदि कोई दबंग, माफिया किसी की जमीन जबरन कब्जा कर रहा हो तो उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए। गरीबों को उजाड़ने वाले कतई न बख्शे जाएं।
जनता दर्शन में हर बार की तरह कुछ लोग इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का एस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी। इस दौरान यह निर्देश भी दिया कि अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें कि जिन लोगों के पास आयुष्मान कार्ड है, उन्हें इलाज में किसी तरह की दिक्कत न होने आए। साथ ही जो पात्र लोग किन्हीं कारणों से वंचित हैं, उनके आयुष्मान कार्ड बनवाए जाएं।
जनता दर्शन में कुछ महिलाएं अपने बच्चों को लेकर आई थीं। मुख्यमंत्री ने इन बच्चों को खूब दुलारा और चॉकलेट के साथ आशीर्वाद दिया।
इससे पहले सीएम योगी गोरखनाथ मंदिर में शिवावतार गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर जाकर मत्था टेका। सीएम योगी जब भी गोरखनाथ मंदिर में होते हैं तो गोसेवा उनकी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा रहती है। शुक्रवार सुबह वह मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए मंदिर की गौशाला में पहुंचे और वहां कुछ समय व्यतीत किया। गोशाला में सीएम योगी ने चारों तरफ भ्रमण करते हुए श्यामा, गौरी, गंगा, भोला आदि नामों से गोवंश को पुकारा। उनकी आवाज इन गोवंश के लिए जानी पहचानी है। प्यार भरी पुकार सुनते ही कई गोवंश दौड़ते-मचलते हुए उनके पास आ गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी के माथे पर हाथ फेरा, उन्हें खूब दुलारा और अपने हाथों से उन्हें गुड़ खिलाया।
शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलने मार्शल आर्ट्स सीखने वाले नन्हें योद्धाओं का समूह भी पहुंचा। इनमें बालिकाओं की संख्या अधिक रही। इन नन्हे योद्धाओं ने मुख्यमंत्री को ह्यहैप्पी बर्थडे महाराज जीह्ल कहते हुए गुलाब का फूल भेंट किया। मुख्यमंत्री का जन्मदिन कल 5 जून को था। बच्चों से मिली शुभकामनाओं पर सीएम मुस्कुराने लगे और उन्हें आशीर्वाद के साथ चॉकलेट गिफ्ट किट गिफ्ट किए।

